निगतिशाखा
19/6/26

4179(E)
19/6/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 18/6/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, नवादा के अन्तर्गत Widening and Strengthening work for Ledha, Kachiya, Nad, Kulna, Kousi Hawar Bhumai Akbarpur PWD Road (SH-103) from Ch. 0.00 Km. to Ch. 13.700 Km. (Total Length-13.700 Km.) in Nawada District for the year 2025-26 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अनिल कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–18.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1612 दिनांक–18.05.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1792(अनु०) दिनांक–29.05.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–29.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening work for Ledha, Kachiya, Nad, Kulna, Kousi Hawar Bhumai Akbarpur PWD Road (SH-103) from Ch. 0.00 Km. to Ch. 13.700 Km. (Total Length-13.700 Km.) in Nawada District for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, नवादा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹6970.23 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6338(एस०) दिनांक–16.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹4847.59 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय नियपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–582 दिनांक–13.10.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹4801.77461 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 08.04.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पूर्व में आमंत्रित निविदा दुषित (Vitiate) होने के कारण उपभागीय ज्ञापांक–776 दिनांक–24.02.2026 के द्वारा रद्द करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित की गई।<br>(i) प्रथम बार निविदा में SBD के Cl.4.5A(c) में Bridge Length का प्रावधान था। इसमें किसी भी निविदाकार द्वारा भाग नहीं लिया गया।<br>(ii) दूसरी बार प्राप्त निविदा में SBD के ITB-Cl.4.5A(c) में Bridge Length सम्मिलित होने के कारण निविदा Vitiate होने के आलोक में इसे रद्द किया गया।<br>(iii) तीसरी बार प्राप्त निविदा में SBD के ITB-Cl.4.5(A)(c) में Bridge Length को हटाकर Changed Condition के साथ निविदा आमंत्रित की गई। साथ ही E-proc 2 पर निविदा Upload करते समय Minimum No.- of Bids-2 का चयन किया गया।<br>अतः प्रथम बार प्राप्त निविदा की तरह मूल्यांकन किया जाना है। |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Ganesh Ram Dokania
(2) Waris Buildcon-Kumar Construction (JV)
(3) Bipin Buildtech Private Limited
(4) M/s JM Enterprises Infra Private Limited
(5) Koleshwari Infracons Private Limited
(6) Hari Nandan Choudhary

4. दिनांक–18.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 06 (छः) निविदाकार में से 05 (पाँच) निविदाकार (1) M/s Ganesh Ram Dokania को SBD ITB Cl. 4.5(B)(c) के तहत् (2) Warish Buildcon-Kumar Construction (JV) को विभागीय पत्रांक–8131(S)We दिनांक–24.07.2012 की कंडिका–1.8. कंडिका–2.2. कंडिका–1.1 (Annexure-1-(a)(b) एवं NIT के क्रमांक–19 के तहत् (3) M/s JM Enterprises Infra Private Limited को NIT के क्रमांक–38 के तहत् (4) Koleshwari Infracons Private Limited को NIT के क्रमांक–38 एवं SBD ITB-Cl.4.5(A)(c) के तहत् एवं (5) Hari Nandan Choudhary को SBD Cl. 4.5(A)(c) एवं NIT के क्रमांक–38 के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 01 (एक) निविदाकार Bipin Buildtech Private Limited को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में आमंत्रित पुनर्निविदा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के ज्ञापांक–776 दिनांक–24.02.2026 द्वारा

दुषित (Vitiate) मानते हुए पुनर्निविदा रद्द की गई थी। वर्त्तमान निविदा में SBD के ITB-Cl.4.5(A)(c) में बदलाव करते हुए Experience of work done quantity में Bridge Length हटाया गया है, जिसके कारण वर्त्तमान निविदा को पुनर्निविदा नहीं माना गया है। चूँकि उक्त निविदा के तकनीकी बीड के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बीड मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदाकार Bipin Buildtech Private Limited शेष रह जाते है, इसलिए वर्त्तमान निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1612 दिनांक–18.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा Bipin Buildtech Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–20.05.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1792(अनु०) दिनांक–29.05.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–29.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में सफल एक मात्र निविदाकार Bipin Buildtech Private Limited के पत्रांक–शून्य दिनांक–20.05.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Bipin Buildtech Private Limited | Re-Tender NIT No.-RCD/NAWADA-11/2025-26 Widening & Strengthening work for Ledha, Kachiya, Nad, Kulna, Kousi Hawar Bhumai Akbarpur PWD Road (SH-103) from Ch. 0.00 km Ch. 13.700 km (Total Length 13.700km.) in Nawada District for the year 2025-26 के निविदा में कुल 06 (छः) निविदाकार भाग लिये, 06 (छः) निविदाकारों में से 05 (पाँच) निविदाकार तकनीकी बीड में समिति द्वारा सम्यंक विचारोपरान्त असफल घोषित किये गये। शेष 01 (एक) निविदाकार जो निविदा | प्रथम बार आमंत्रित निविदा (NIT No. RCD/NAWADA-08/2025-26) में SBD ITB Cl. 4.5 (A) (c) के तहत् Experience of work done quantities में Pile length (616.00m) or well foundation (308.00) or Bridge length (36.00m) की माँग की गई थी। इस निविदा में कोई निविदाकार द्वारा भाग नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता के कार्यालय आदेश सं०–35, दिनांक–15.12.2025 द्वारा निविदा रद्द कर दी गई।<br>द्वितीय बार आमंत्रित निविदा (NIT No. RCD/NAWADA-09/2025- | समीक्षोपरान्त् पाया गया कि इस निविदा को Upload करते समय Minimum No. of Bids 2 का चयन किया गया है। अतः यह पुनर्निविदा की श्रेणी में नहीं है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत होते हुए परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | के न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है को सफल घोषित किया गया, लेकिन समिति द्वारा पुनर्निविदा को Experience of work done Quantity में Bridge Length हटाया गया है कह कर वर्तमान निविदा को पुनर्निविदा नहीं माना गया है कहते हुए एकल निविदाकार सफल होने के कारण समिति द्वारा पुनः अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। जबकि 12.12.2025 on SBD Technical Seet में पूर्व में भी Experience of work done Quantity में Bridge Length नहीं मांगा गया था। वो निम्न प्रकार से है :– (Pile Length M-616.00 or Well Foundation M-308 or Bridge Length M-36.00) or का मतलब Special सिर्फ इसी निविदा में ही माना जा रहा है जो गलत प्रतीत होता है। पूर्व के निविदा में भी Special Bridge Length नहीं मानते हुए वर्तमान निविदा को Experience work done Quantity में Bridge Length को हटाया गया, नहीं माना जा सकता है। और एकल निविदाकार के वर्तमान निविदा पुनर्निविदा माना जा सकता है। वर्तमान निविदा NIT के | 26) में पुनः SBD ITB Cl. 4.5 (A) (c) के तहत् Experience of work done quantities में Pile length (616.00m) or well foundation (308.00) or Bridge length (36.00m) की माँग की गई। दिनांक– 24.02.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि "Earth Work, Non Bituminous, Bituminous, Concrete work, Pile Length/Well Foundation कार्य के मद है, जबकि Bridge length कोई मद नहीं है, इसमें एक Bridge में बहुत सारे मद यथा Pile/Well Depth, RCC/PCC, Reinforcement, Approach slab आदि होते है। ITB कंडिका 4.5 (A) (c) के तहत् Bridge length की माँग किया जाना उचित नहीं है। अतः समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विषयांकित पुनर्निविदा को दुषित (Vitiate) मानते हुये निविदा को रद्द करने का निर्णय लिया जाता है।"<br><br>तृतीय बार आमंत्रित निविदा (NIT No. RCD/NAWADA-11/2025-26) में SBD के ITB Cl. 4.5 (A) (c) में बदलाव करते हुए Experience of work done quantity में Bridge length | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुसार पुनर्निविदा है और पुनर्निविदा एकल सफल निविदाकार को आवार्ड किया जा सकता है।<br>अतः श्रीमान् से नम्र निवेदन एवं आग्रह है कि हमारी बातों पर विचार करने की कृपा करें। | हटाया गया है, जिस कारण दिनांक–18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि "पूर्व में आमंत्रित पुनर्निविदा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के ज्ञापांक–776 दिनांक–24.02.2026 द्वारा दुषित (Vitiate) मानते हुए पुनर्निविदा रद्द की गई थी। वर्त्तमान निविदा में SBD के ITB Cl. 4.5 (A) (c) में बदलाव करते हुए Experience of work done quantity में Bridge length हटाया गया है, जिसके कारण वर्त्तमान निविदा को पुनर्निविदा नहीं माना गया है। चूँकि उक्त निविदा के तकनीकी बीड के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बीड मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदाकार Bipin Buildtech Private Limited शेष रह जाते है, इसलिए वर्त्तमान निविदा को रद्द करते हुए विभागीय अधिसूचना सं०–3162(S)दिनांक–09.05.2016 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया जाता है।" | |

7. **<u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>**

उक्त के आलोक में प्राप्त परिवाद को अमान्य करते हुए दिनांक–18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखने का निर्णय लिया जाता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **Bipin Buildtech Private Limited** के पत्रांक–शून्य दिनांक–20.05.2026 के पत्रांक–शून्य दिनांक–20.05.2026 द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य किया जाता है।

(ii) पाँच निविदाकारों यथा **(1) M/s Ganesh Ram Dokania** को **SBD ITB Cl. 4.5(B)(c)** के तहत् **(2) Warish Buildcon-Kumar Construction (JV)** को विभागीय पत्रांक–8131(S)We दिनांक–24.07.2012 की कंडिका–1.8. कंडिका–2.2. कंडिका–1.1 **[Annexure-1-(a)(b)] (3) M/s JM Enterprises Infra Private Limited** को **NIT** के क्रमांक–38 के तहत् **(4) Koleshwari Infracons Private Limited** को **NIT** के क्रमांक–38 एवं **SBD ITB-Cl.4.5(A)(c)** के तहत् एवं **(5) Hari Nandan Choudhary** को **SBD Cl. 4.5(A)(c)** एवं **NIT** के क्रमांक–38 के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता हैं।

(iii) शेष एक मात्र निविदाकार यथा **Bipin Buildtech Private Limited** के तकनीकी बीड में सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के तहत् निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–1612 दिनांक–18.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–18.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (राजकुमार) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अनिल कुमार सिंह) | (उमा कान्त रजक) |
|---|---|---|---|
| मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–35/2026 4179(E) पटना, दिनांक 19/6/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।